घर में घुसकर लाखों के जेवरात और सात हजार रुपये की चोरी

दरियापुर(सारण)। डेरनी थाना क्षेत्र के लोहछा गांव में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के आभूषण समेत सात हजार रुपये नकद की चोरी कर ली। घटना 9 नवंबर की बताई जा रही है। इस संबंध में गांव निवासी विजय कुमार साहनी, पिता स्व. सुरेश प्रसाद साहनी ने डेरनी थाने में लिखित आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। आवेदन के अनुसार, सुबह सोकर उठने के बाद वे घर में रखे बक्से से रुपये निकालने गए तो देखा कि छोटी बक्सा गायब है। खोजबीन करने पर बक्सा छत पर मिला। बक्से का पल्ला एक तरफ से उठा हुआ था और उसमें रखे पांच थान सोने के आभूषण, जिनमें कान की बाली, मांगटीका और नथुनी शामिल हैं, गायब थे। इसके अलावा चांदी की दो जोड़ी पायल, चार जोड़ी बिछिया तथा सात हजार रुपये नकद भी चोरी कर लिए गए थे।

ब अदालत,सब जज-प्रथम
मो. मढ़ौरा (सारण)
स्वत्व वाद सं.- 226/2025
मनोज कुमार सिंह वो.----------मुदई
बनाम
संध्या कुमारी वो.---------मुदाहलम
प्रकाशन नोटीस

नोटीस बनाम-1.संध्या कुमारी, पति-रितेश कुमार सिंह 2.निशा कुमारी, पति अमृत कुमार सिंह दोनो ग्राम-मंझोपुर, पो.-परौना, थाना-तरैया, जिला-सारण 3.ललिता देवी, पति- तेजनारायण सिंह, ग्राम वो पो.-नारायणपुर, थाना-तरैया, जिला-सारण

विदित हो की मुदई ने एक बंटवारा का मुकदमा आप लोगो के खिलाफ मेरे न्यायालय में दाखिल किया है। न्यायालय द्वारा नजारत सम्मन वो रजिस्टर सम्मन के माध्यम से आप लोगो को सूचित किया है। जानकारी के बावजुद भी आपलोग जान बुझ कर मुकदमे में हाजिर नहीं हो रहे है। अत: इस प्रकाशन नोटीस से आपलोग को सुचित किया जाता है कि आपलोग दिनाक-21-11-2026 को दिन के 10.30 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर जो कुछ उजुर करना है करें अन्यथा मुकदमें में आप लोगों के खिलाफ एक पक्षीय सुनवाई कर आदेश पारित कर दिया जायेगा। इसे ताकिद समझे। आज दिनांक 27-10-2026 को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के मोहर से जारी।

सब जज प्रथम
मो. मढौरा (सारण)
9/509/26

पूर्व मध्य रेल
ई-नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा निम्नलिखित पार्किंग स्टैंडों के संचालन हेतु ई नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण निम्नवत् है :
1. AA/1 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : सहुआ रोड रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में स्थित निःशुल्क (दो पहिया और तीन पहिया) चालन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई नीलामी कैटेलॉग संख्या** : COM-PARK-26-01, **ई नीलामी लॉट संख्या** : PARKING-DDU-RBU-FW-43-26-1, **ई नीलामी की तिथि एवं समय** : ई नीलामी दिनांक 28.11.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।
AB/1 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : नवीनगर रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में स्थित निःशुल्क चालन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई नीलामी कैटेलॉग संख्या** : COM-PARK-26-01, **ई नीलामी लॉट संख्या** : PARKING-DDU-NBG-MX-63-26-1, **ई नीलामी की तिथि एवं समय** : ई नीलामी दिनांक 28.11.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी।
AC/1 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : ऊंटारी ओल रोल रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया चालन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई नीलामी कैटेलॉग संख्या** : COM-PARK-26-01, **ई नीलामी लॉट संख्या** : PARKING-DDU-DOR-RW-6-26-1, **ई नीलामी की तिथि एवं समय** : ई नीलामी दिनांक 28.11.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी।
2. नोटिफाइड का पता जहाँ ई नीलामी का संपूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-Auction Leasing)
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
पूर्व मध्य रेल, धनबाद।
धनबाद/दानि/ईनीलाम्/वा/ईएएल/25 27/56

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KARDUNA, JEHANABAD 804417
Purpose Course: MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management
शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lib.Sc
Lab Instructor		DCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक व्यक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर भेज करे। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■
Secretary/Chairman - Divya Prakash
Contact- 9304687159, 9334074905

दिव्य दीपोत्सव में दिखा भक्ति और संस्कृति का अनूठा संगम

राममय दिव्य दीपोत्सव, रामायण के पांच प्रसंगों ने मोहा मन

छपरा। भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के आदर्शों की अनुपम छटा शनिवार को छपरा के शाह बनवारी लाल सरोवर परिसर में देखने को मिली। संस्कार भारती एवं श्रीराममला सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दिव्य दीपोत्सव ने पूरे परिसर को भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर कर दिया। दीपों की जगमगाहट, रामायण के प्रसंगों पर आधारित जीवंत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रभु श्रीराम के भव्य राज्याभिषेक ने आयोजन को विशेष आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप प्रदान किया।दीपोत्सव के अवसर पर अन्नपूर्णा धाम मंदिर, दौलतगंज से प्रभु श्रीराम, माता सीता, भ्राता भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न एवं भक्त हनुमान की मनोहारी झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पारंपरिक वाद्य यंत्र, ढोल, शहनाई और मंगल ध्वनियों के बीच निकली शोभायात्रा टक्कर मोड़ एवं गुदरी बाजार होते हुए शाह बनवारी लाल सरोवर परिसर पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर झांकी का स्वागत किया। प्रभु श्रीराम के जयघोष से पूरा



वातावरण भक्तिमय बना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ कुमारी अनिशा द्वारा संस्कार भारती के ध्येय गीत पर प्रस्तुत आकर्षक नृत्य से हुआ। दिव्य दीपोत्सव में आर्ट-वे धमाका कला केंद्र के कलाकारों ने रामायण के पांच प्रमुख प्रसंगों की प्रभावशाली सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इनमें राम दरबार, केवट प्रसंग, शबरी प्रसंग, हनुमान-विभीषण संवाद और रावण राज्याभिषेक रहा। परिसर में पहुंचे प्रभु श्रीराम ने दीप जलायी जिसके बाद पारंपरिक धार्मिक विधि-विधान और उपदेश शामिल रहे। आयोजन का प्रमुख आकर्षण प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक रहा। परिसर में पहुंचे प्रभु श्रीराम ने दीप जलायी जिसके बाद पारंपरिक धार्मिक विधि-विधान और भक्तिमय वातावरण में उपस्थित श्रद्धालुओं को रामायण के उस गौरवशाली क्षण की अनुभूति कराई, जो भारतीय जनमानस में आदर्श शासन और लोककल्याण का प्रतीक है। संस्कार भारती, उत्तर बिहार के लोक कला विधा संयोजक राजेश चंद्र मिश्र एवं श्रीराममला सेवा समिति के संयोजक अमित गुप्ता ने कहा कि दीपोत्सव का उद्देश्य केवल दीप प्रज्वलित करना नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, लोककला और आध्यात्मिक परंपराओं के संरक्षण के साथ सामाजिक समरसता को मजबूत करना भी है। कार्यक्रम का मंच संचालन भवर् किशोर ने किया। वहीं राकेश विद्यार्थी, कृष्णकांत सौरव, स्तुति, प्रदीप सौरव और आर्ट-वे धमाका कला केंद्र के गणेश चौधरी के संयोजन में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। वहीं दीपक कुमार, राहुल मेहता, रवि पाण्डेय, अनिल सिंह, नवीन सिंह, संतोष कुमार, रितेश गुप्ता, विशाल कुमार सिंह, विशाल सोनी, संजीत गुप्ता समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।



महादलित टोलों में डीएम-एसएसपी ने मनायी दीपावली

छपरा। दीपावली के पावन अवसर पर सामाजिक समरसता, समानता और आपसी भाईचारे का संदेश देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार ने महादलित टोलों में पहुंचकर स्थानीय लोगों के साथ दीपावली मनाई। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने लोगों के साथ दीप जलाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। प्रशासन के वरीय अधिकारियों को अपने बीच पाकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह और खुशी देखी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इसके बाद बच्चों और उनके परिवारों के बीच मिठाइयां, मोमबत्तियां, फुलझड़ियां एवं पटाखे वितरित किए गए। अधिकारियों ने बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां बांटी और उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया।



दो दुकानों मे भीषण लगी आग लाखो का समान जलकर राख

परसा। थाना क्षेत्र अंतर्गत परसा शंकरडीह मे दीपावली की रात दो अलग अलग दुकानों मे बिजली की शार्ट सर्किट से लगी आग से लाखो का समान जलकर राख हो गया. बताया जाता है की थाना क्षेत्र के परसा शंकरडीह के थाना रोड मे मोटरसाईकिल के गैरेज मे आग लग गई जिसमे रखे सारे समान जलकर राख हो गया. इस संबंध मे मोटरसाईकिल गैरेज मालिक चाँदपुरा गाँव निवासी भरत शर्मा के श्रवण कुमार ने बताया की बिजली की प्रत्येक दिन की तरह अपने दुकान बंदकर कर घर चला गया की रात्रि मे बिजली की शार्ट सर्किट से गैरेज मे आग लग गई जिसमे रखे तीन बाइक सेमत दुकान मे रखे लाखो का समान जलकर राख हो गया. वही परसा शंकरडीह के पोझी चौक के समीप रविवार रात्रि करीब 12 बजे गुप्ता कलेक्शन मे बिजली की शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई. जिसमे रखे साड़ी लहंगा जींस पैंट टी-शर्ट सिलवानी सूट इत्यादि रखें लगभग 20 लाख से अधिक के जलकर राख हो गया. इस संबंध में दुकान के संचालक दरियापुर थाना क्षेत्र के सलेमपुर निवासी कमलेश शाह के पुत्र पिंटू कुमार गुप्ता ने बताया कि दिन की तरह रविवार के शाम दुकान बंद कर अपना चला गया इसी क्रम में रात में ही बिजली की शार्ट सर्किट से अचानक दुकान में आग लग जाए जिस दुकान में रखें लगभग 20 लाख से अधिक है का सामान जल करें खराब हो गया आग लगी हुई घटना की सूचना आसपास के दुकानदारों द्वारा फोन पर दिया गया जब मैं पहुंचा तो देखा कि अग्निशमन की अग्नि समुद्र खेती में मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा था. काबू पाया जाता तब तक सारे सामान जलकर रखोगे. इस संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि अग्निशमन दल की टीम है के तत्परता से बड़ी घटना होने से बच गई और समय रहते हुए आग पर काबू पाया गया. नहीं तो आसपास की दुकान भी आग की लपेट में आ सकती थी.

सम्मान समारोह एवं पुरानी पेंशन बहाली हेतु आंदोलन का शंखनाद

छपरा(आससे)बिहार राजकीय कृत प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा सदस्य ग्रहण सह सम्मान समारोह एवं पुरानी पेंशन बहाली हेतु आंदोलन का शंखनाद कार्यक्रम छपरा स्थित राम जयपाल कॉलेज परिसर में लक्ष्मी



नारायण यादव अध्ययन केंद्र में संपन्न हुआ कार्यक्रम के शुभारंभ में शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन बहाली हेतु उपस्थित शिक्षक नेता एवं बुद्धिजीवियों ने अपने विचार व्यक्त किया इसके पूर्व कार्यक्रम के उद्देश्यों को लेकर प्राथमिक शिक्षा संघ के प्रदेश अध्यक्ष बिहार राज्य राजपत्रित कर्मचारी महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष उदय शंकर गुड्डू ने कहा पुरानी पेंशन शिक्षकों का संवैधानिक अधिकार है जिसके लिए 12 दिसंबर 2026 को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में शिक्षक कर्मचारियों की एक महा रैली होगी जिसमें बिहार राज्य के प्रत्येक जिले से शिक्षक एवं कर्मचारी भाग लेंगे यह रैली आंदोलन के इतिहास में मिल का पत्थर साबित होगा कार्यक्रम की अगली कड़ी में आज की तिथि में सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों को फूल माला एवं अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रमिक नेता राजेंद्र सिंह ने तो वही कार्यक्रम का संचालन संघ के प्रदेश महासचिव तसौवर हुसैन ने की कार्यक्रम को मुख्य रूप से सामाजिक चिंतक कैलाश पंडित विष्णु देव गुप्ता कमलेश्वर जी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष डा राजेश यादव प्रधान सचिव संजय कुमार चुन्नू अमित प्रकाश संजीव श्रीवास्तव वीरेंद्र सिंह बृजेश कुमार सिंह आदि ने संबोधित किया.



दीपावली और छठ पर रंगोली प्रतियोगिता, बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

छपरा। मौना पकड़ी स्थित आरबीएस पब्लिक स्कूल में दीपावली एवं छठ महापर्व के अवसर पर रंगोली, दीया मेकिंग और दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. राजू कुमार अधिवक्ता सचिव प्रोफेसर सियाशरण



प्रसाद, प्राचार्या मोनिका देवी एवं विद्यालय प्रबंधक कृष्ण मोहन ने किया। कक्षा तीन से दसवीं तक के सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छठी मैया का चित्र बनाने में कक्षा दसवीं की दामिनी कुमारी और खुशी कुमारी ने प्रथम, तृषा कुमारी, अनीशा कुमारी एवं श्वेता कुमारी ने द्वितीय तथा तनु कुमारी और प्राची कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीन में विहान कुमार और तेजस कुमार प्रथम रहे। कक्षा चार में नंदनी कुमारी एवं परीधि कुमारी द्वितीय तथा अनुष्का कुमारी एवं अनन्या गोस्वामी तृतीय रहीं। दीया मेकिंग में पंखुड़ी कुमारी और प्रतीक्षा कुमारी प्रथम तथा सिम्मी कुमारी द्वितीय रहीं। विद्यार्थियों ने पुष्पों से स्वास्तिक एवं दीप सजाकर अपनी रचनात्मकता दिखाई। रंगोली के माध्यम से तकनीक, नवाचार और एआई के सही उपयोग का संदेश भी दिया गया। अध्यक्ष ने सभी विजेताओं को मेडल, प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अतिथि सुनील कुमार ब्याहुत, प्रतियोगिता प्रभारी ममता देवी एवं रिंकी कुमारी उपस्थित रहीं। पर्यवेक्षक प्रेमा देवी, वीणा सिंह, पूनम देवी, रत्ना देवी, साक्षी कुमारी, आध्या राय, संध्या कुमारी, शिवानी कुमारी, दीपक सिंह, दीपू सिंह, सत्यम सिंह, सचिन उपाध्याय, शिवम राज, राकेश राय एवं प्रयाग राज की सहभागिता रही। अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षिका श्वेता श्रीवास्तव, संचालन प्रगति गुप्ता तथा धन्यवाद ज्ञापन काजल कुमारी ने किया।

मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर डीएम ने लिया तैयारियों का जायजा

छपरा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के संभावित सारण दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने मांझी स्थित रामघाट एवं दलन सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। रामघाट परिसर में सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, लाइटिंग, मंच, हैंगर और बैरिकेडिंग के कार्यों का जायजा लेते हुए निर्धारित समय में पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं विद्यालय में मिशन कायाकल्प के तहत स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, एस्ट्रोनॉमी लैब, रोबोटिक्स और ड्रोन तकनीक से जुड़ी शैक्षणिक गतिविधियों की तैयारी देखी।

ब अदालत सब जज,
मो. मढ़ौरा, सारण
विविध वाद संख्या- 90 सन 2018
मदन प्रसाद वो.---------- मुदईयान
बनाम
रामजीत प्रसाद सिंह वो.-----मुदालहम
गजट/प्रकाशन

नोटिस बनाम-1. रामजीत प्रसाद सिंह, वल्द-स्व. कुलदीप प्रसाद सिंह 2. सकलदेव बैठा वल्द स्व. महेन्द्र बैठा 3. शिवनाथ प्रसाद वल्द स्व.बालदेव प्रसाद सभी साकिनान ग्राम-हथिसार पो.- गौरा, थाना- मढ़ौरा, जिला- सारण 4. शिवपुजन मांझी वल्द शिवरत मांझी उर्फ शिवरात मांझी ग्राम- खबसी, पो.- खबसी, भाया- गौरा, थाना- बनियापुर, जिला- सारण 5. औद्रो देवी, जौजे स्व. झरीलाल प्रसाद, 6.हिरा देवी 7.लक्ष्मी देवी दोखर स्व. झरीलाल प्रसाद 8. दयानंदन प्रसाद 9 कृपानंदन प्रसाद 10. सिंधु नन्दन प्रसाद पेशरान स्व. झरीलाल प्रसाद सकिनान मौजा खबसी, थाना- बनियापुर, पो. खबसी, भाया- गौरा, जिला- सारण।

चुं, उपरोक्त मोकदमा के मुदई ने आपके विरुद्ध उपरोक्त मोकदमा दाखिल किया है। जिसमें आपको माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थिति हेतु नजारत के माध्यम से सम्मन वो निबंधित डाक के माध्यम से नोटिश निर्गत किया जा चुका है। बावजूद आपलोग माननीय न्यायालय के समक्ष मुकदमा में हाजिर नहीं हो रहे है।अत: बजरिये गजट/प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है। कि आपलोग दिनांक- 2-12-26 को समय 10.30 बजे दिन में स्वयं अथवा अपने किसी अधिवक्ता के माध्यम से उपरोक्त मोकदमा में उपस्थित होकर जो कुछ भी उजूर पेश करना है पेश करे अन्यथा आपलोगों के अनुपस्थिति में सुनवाई कर उचित आदेश पारित कर दी जाएगी।

इसे ताकिद जानें। मेरे हस्ताक्षर वो मुहर से आज दिनांक 2-11-26 को निर्गत किया गया।

आदेशानुसार
सब जज मढ़ौरा
मो.- मढ़ौरा, सारण
9/509/26

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा प्रकाशन सूचना
खुली ई-निविदा सूचना सं. : M-LS-SPJ-Ton-Mod-CabRed-2
पश्चिम/लोको शेड/छपरा(बिहार) निम्नांकित कार्यों के संपादन की ओर से खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **क) कार्य का नाम एवं स्थान** : 'Modification of CAB redundancy of 3-phase locomotives as per RDSO modification sheet no. RDSO/2014/EL/MI/435, Rev.0' Dated 06.06.2014 for 01 year.', **ख) अनुमानित लागत** : रू 9,73,500/- (रू नौ लाख तेहत्तर हजार पांच सौ मात्र (सभी लागू करों सहित)। **ग) अवधान जो जमा कराना है** : गोसोसी-2022 के अनुसार, टी.डी.एस. मूल्य है और ठेकेदार निविदा के साथ मोली सुरक्षा (ईएमडी) की राशि Rs. 19,480/- (उन्नीस हजार चार सौ अस्सी मात्र) होगी। ई-निविदा से संबंध में बोली सुरक्षा (ईएमडी) का भुगतान केवल नेट बैंकिंग या www.ireps.gov.in पर भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाना चाहिए। **घ) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय एवं निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 30.11.2026 अपराह्न 12:00 बजे तक। 30.11.2026 अपराह्न 12:30 बजे। **ङ) वेबसाइट का विवरण जहां ई-निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है** : www.ireps.gov.in, अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।
पंगवौंहे, लोको शेड/पूर्व मध्य रेल, छपरा(बिहार)
पीछार/1288/लोको शेड छपरा/सं./टै/26-27/40

